भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 961

जिसका उत्तर दिनांक 10.02.2022 को दिया जाना है

अरूणाचल प्रदेश में यूरेनियम की खोज

961 श्री संभाजी छत्रपती :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी) ने कुछ समय पहले अरूणाचल प्रदेश राज्य में यूरेनियम की खोज करना प्रारंभ कर दिया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अब तक इसके क्या परिणाम रहे हैं; और

(ग) क्या एएमडी द्वारा कुछ अन्य राज्यों में भी इसी प्रकार की खोज कराने की योजना बनाई गई है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) जी, हां ।

(ख) परमाणु ऊर्जा विभाग की एक घटक इकाई, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी) 1969 से अरुणाचल प्रदेश के कुछ भागों में संभावित भूवैज्ञानिक प्रक्षेत्रों में यूरेनियम की खोज कर रही है । इससे सतह पर यूरेनियम की घटनाओं की एक अल्प मात्रा की पहचान हुई है, जिनमें जमीरी, पश्चिम कामेंग जिला, मारो-बरिरिजो, ऊपरी सुबनसिरी जिला और सी-रिमी-नोको नाला, लग्गी गैमलिन-सिकी, तपेयोर-जैयोर और डूपू, पश्चिम सियांग जिला आदि शामिल हैं । वर्तमान में, करखा क्षेत्र, पश्चिम कामेंग जिले और अम्पुल्ली क्षेत्र, पापुम पारे जिले में भूवेधन सहित विस्तृत जांच जारी है ।

(ग) जी, हां ।

एएमडी निम्नलिखित राज्यों में यूरेनियम की खोज भी कर रहा है।

I. आंध्र प्रदेश : वाईएसआर कडपा, गुंटूर और कुरनूल जिले।

II. असम : कछार, हलियाकांडी और होजई जिले।

III. छत्तीसगढ़ : राजनांदगांव, कवर्धा, बिलासपुर, कोरबा, महासमुंद जांजगीर - चंपा, बलरामपुर और रायगढ़ जिले।

IV. हरियाणा : महेंद्रगढ़ जिला

V. हिमाचल प्रदेश : ऊना, हमीरपुर, कुल्लू और मंडी जिले।

VI. झारखंड : पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा और दुमका जिले।

VII. कर्नाटक : यादगीर और कलबुर्गी जिले।

VIII. मध्य प्रदेश : ग्वालियर, बैतूल, बालाघाट और सागर जिले।

IX. ओडिशा : मयूरभंज, सुंदरगढ़ और झारसुगुड़ा जिले।

X. महाराष्ट्र : गोंदिया और सिंधुदुर्ग जिले।

XI. राजस्थान : सीकर, दौसा, झुंझुनू, उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, बाड़मेर और जालोर जिले।

XII. उत्तर प्रदेश : सोनभद्र जिला

* * * * *